# गणेश चतुर्थी पर बॉलीवुड सितारों ने अलग-अलग ढंग से किया गणपति बप्पा का स्वागत



मुंबई : बॉलीवुड के कलाकार सोमवार को गणेश चतुर्थी के मौके पर अपने घरों में भगवान गणेश की प्रतिमाओं को लेकर आये और बड़े उत्साह तथा उमंग के साथ बप्पा का स्वागत किया.

श्रद्धा कपूर, कार्तिक आर्यन, एकता कपूर और विवेक ओबेरॉय उन कलाकारों में शामिल हैं जो इस पावन मौके पर अपने घरों में भगवान गणेश की प्रतिमाओं को लेकर आये.

एकता ने अपने पिता जितेन्द्र और मां शोभा कपूर के साथ एक वीडियो साझा किया. उन्होंने वीडियो में शोभा का परिचय अपनी और अपने पिता की बॉस के रूप में कराया. वीडियो के अंत में उन्होंने भगवान गणेश की प्रतिमा पर कैमरा करते हुए उन्हें श्हम सभी का बॉसश् बताया.अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने ट्विटर पर गणेश की प्रतिमा के साथ अपनी तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, गणेश चतुर्थी मेरे पसंदीदा त्योहारों में से एक है और पिछले वर्ष इस उत्सव का जश्न मैं अपने घर पर नहीं मना पाई थी. फेस टाइम के माध्यम से आरती में शामिल हुई थी! मैं इस साल वापस आकर बहुत खुश हूं, स्वस्थ और मजबूत हूं और अपने परिवार के साथ जश्न मना रही हूं.

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने गणेश की प्रतिमा के सामने खड़े अपने परिवार की एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा, मैं आध्यात्मिक हूं और सभी त्योहार मनाती हूं, तथा मैं धरती मां के प्रति भी जिम्मेदार हूं और हमने गणेश की पर्यावरण अनुकूल प्रतिमा स्थापित करने की अपनी परंपरा को जारी रखा है.

सुपरस्टार सलमान खान की बहन अर्पिता खान सलमान को अपनी मां सलमा खान के साथ गणेश प्रतिमा घर ले जाते हुए देखा गया.

# उन्नाव मामले में सुको ने मांगी रिपोर्ट, कहा- हम निष्पक्ष एवं तेज सुनवाई चाहते हैं

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि विधायक एवं भाजपा के पूर्व नेता कुलदीप सिंह सेंगर द्वारा उन्नाव में एक नाबालिग से कथित बलात्कार से उत्पन्न होने वाले मामलों में वह ''निष्पक्ष एवं तेज सुनवायी'' चाहता है। शीर्ष अदालत ने विशेष न्यायाधीश धर्मेश शर्मा से एक रिपोर्ट मांगी जो उन्नाव बलात्कार से उत्पन्न होने वालों मामलों की सुनवायी कर रहे हैं। न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की पीठ ने निचली अदालत से छह सितम्बर तक इस बारे में रिपोर्ट मांगी कि सुनवायी पूरी करने के लिए कितना समय चाहिए।

पीठ ने कहा, ''हम निष्पक्ष सुनवायी चाहते हैं लेकिन साथ ही हम इन मामलों में जल्द सुनवायी भी चाहते हैं।'' सुनवायी के दौरान सेंगर और अन्य सहआरोपी शशि सिंह के लिए पेश हुए वकील ने कहा कि दुर्घटना मामले में सीबीआई द्वारा आरोपपत्र दायर नहीं किया गया है। पीठ ने कहा कि बेहतर होगा यदि उसे विशेष न्यायाधीश का इस बारे में विचार पता चले कि इन मामलों में सुनवायी पूरी करने के लिए कितना समय लगेगा। पीठ ने मामले को शुक्रवार को अगली सुनवायी के लिए सूचीबद्ध किया ।गत 19 अगस्त को शीर्ष अदालत ने सीबीआई को सड़क दुर्घटना की जांच पूरी करने के लिए छह सितम्बर तक का समय दिया था जिसमें उन्नाव बलात्कार पीड़िता और उसके वकील गंभीर रूप से घायल हो गए थे जबकि उसकी दो रिश्तेदारों की मौत हो गई थी। न्यायालय ने उससे पहले सीबीआई को जांच पूरी करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया था। शीर्ष अदालत ने समय इस बात को संज्ञान में लेते हुए बढ़ा दिया था कि जांच एजेंसी ने मामले में अभी तक ''व्यापक जांच'' की है।

# गणेश उत्सव में डूबा अंबानी परिवार

**नई दिल्ली :** देश के सबसे बड़े उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया में गणेश उत्घ्सव धूमधाम से मनाया गया. इस मौके पर पूरा अंबानी परिवार एकसाथ नजर आया. नीता अंबानी बेटी ईशा अंबानी के साथ नजर आये. वहीं मुकेश अंबानी पूजा की तैयारियों का जायजा लेते दिखे. इस खास मौके पर मुंबई स्थित उनके घर एंटीलिया को दुल्घ्हन की तरह सजाया गया था. अंबानी परिवार ने एक खास कार्यक्रम का भी आयोजन किया था जिसमें बॉलीवुड से लेकर क्रिकेट जगत के सितारे एक छत के नीचे नजर आये.

इस मौके पर बच्घ्चन परिवार एकसाथ नजर आया. वहीं आलिया भट्ट एक्घ्टर रणबीर कपूर संग पहुंची थी. सदाबहार अभिनेत्री रेखा भी इस खास मौके पर नजर आई.





## राबड़ी देवी ने बीजेपी नेता पर बोला हमला, कहा– क्यों नहीं लगाते रोजगार पैदा करने की फैक्टरी?

पटना : राष्ट्रीय जनता दल की नेता व पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने बीजेपी नेता द्वारा गाय को लेकर दिये गये बयान पर हमला बोला है. उन्होंने कहा है कि ऐसे मंत्रियों की बदौलत ही देश, संविधान और अर्थव्यवस्था बिगड़ी है. साथ ही बीजेपी नेता को बकवास मास्टर कहते हुए कहा है कि वह रोजगार पैदा करने की फैक्टरी क्यों नहीं लगाते?



राबड़ी देवी ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा है कि श्बकवास मास्टर से पूछो इनके घर में कितनी गाय है? अभी मेरे घर में जितनी गायें है उतनी मिलाकर इनकी सात पुश्तों ने भी नहीं पाली होंगी. मोदी सरकार के ऐसे नवरत्नों ने ही तो देश, संविधान और अर्थव्यवस्था का बेडा गर्क कर दिया है. रोजगार पैदा करने की फैक्टरी क्यों नहीं लगाते?मालूम हो कि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा था कि श्आनेवाले समय में नयी तकनीक के इस्तेमाल से गायों का जन्म होगा. गिरिराज सिंह ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि अब तकनीक के जरिये बछिया पैदा होंगी और गायों की फैक्टरी लगा देंगे. इससे जो गाय दूध लेने लायक नहीं रहेगी, वह भी तकनीक के जरिये दूध देगी.श् हालांकि, बाद में उन्होंने सफाई देते हुए कहा था कि श्पूरे देश में आइवीएफ और भ्रूण प्रत्यारोपण से अनुर्वर पशुधन को सरोगेट मदर के रूप उपयोग में लाया जायेगा. फैक्टरी शब्द का उपयोग गौपालक मित्रों को यह तकनीक समझाने के लिए था, ना कि लोगों की राजनीतिक फैक्टरी खोलने के लिए.

# गलत ब्लड चढ़ाने से बीसीए की टॉपर छात्रा की दिल्ली में मौत

गोपालगंज बिहार के गोपालगंज में कुचायकोट थाना क्षेत्र के कैथलिया की रहनेवाली बीसीए की टॉपर छात्रा की मौत दिल्ली के छतरपुर में इलाज के दौरान गलत ब्लड चढ़ाने के कारण मौत हो गयी. सोमवार को उसका शव पहुंचते ही मातम पसर गया. दिनकर श्रीवास्तव की पुत्री आंचल श्रीवास्तव ब्लड में इंस्फेक्शन के कारण बीमार थी. इस बीच उसे बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया.परिजनों का आरोप है कि गलत ब्लड चढ़ाने के कारण उसकी स्थिति बिगड़ी और मौत हो गयी. सोमवार को चंद्र गोकुल रोड स्थित साइबो कैंपस डॉ जाकिर हुसैन इंस्टीट्यूट में दिवंगत छात्रा को श्रद्धांजलि दी गयी. संस्थान के निदेशक राकेश कुमार दुबे ने बताया कि आंचल की असामयिक मृत्यु संस्थान के लिए काफी दुखद है. वह बीसीए प्रथम वर्ष में संस्थान टॉपर के साथ–साथ विश्वविद्यालय के टॉप टेन में जगह बनाने में सफल रही थी. शोकसभा मे प्रिंस तिवारी, मनोज कुमार, आलोक कुमार, रुचि सिंह, आरडी शर्मा, नदीम कुमार, खुशबू कुमारी, मीमांशा, श्रेया मौजूद थे.



# झारखंड: बड़े भाई की मौत हुई, तो अंधविश्वास में लोगों ने छोटे भाई की पत्थर से कूचकर हत्या की

लोहरदगा सेन्हा थाना क्षेत्र के झालजमीरा गांव में अंधविश्वास के चक्कर में एक अधेड़ सहनई उरांव (52) की हत्या कर दी गयी है. मौके पर पहुंची सेन्हा थाना पुलिस ने शव को कब्घ्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है.

जानकारी के अनुसार झालजमीरा गांव के सुकरा उरांव के पुत्र बिरसा उरांव की मौत हो गयी, जिसके बाद गांव के सभी लोग उसे पानी देने उसके घर गये, लेकिन उसका छोटा सहनई उरांव नहीं गया. ग्रामीणों का कहना है कि सुकरा उरांव का छोटा पुत्र सहनई उरांव ओझा– गुणी का काम करता था.

यही कारण है कि बड़े भाई बिरसा उरांव की मौत के बाद लोगों के बुलाने पर भी वह नहीं गया. इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने डायन–बिसाही का आरोप लगाते हुए सहनई उरांव की पिटाई शुरू कर दी.ग्रामीणों ने लाठी–डंडे से पीट–पीटकर व पत्थर से कूचकर उसकी हत्या कर दी. फिर शव को झालजमीरा गांव के बड़का टोली आंगनबाड़ी केंद्र के पास लाकर फेंक दिया. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस झालजमीरा गांव पहुंची. पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और जांच शुरू कर दी है.


**MCL**

**महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड**

(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

जागृति विहार, बुर्ला - 768 020, जिला - सम्बलपुर, ओडिशा

दूरभाष (ईपीएबीएक्स) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट : http://www.mahanadicoal.in

## ई-निविदा सूचना

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की निम्नलिखित ई-निविदाएँ, कोल इंडिया लिमिटेड की ई-निविदा पोर्टल(http://coalindiatenders.nic.in) ) में प्रकाशित है जिन्हें केन्द्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (http://eprocure.gov.in) पर भी देखा जा सकता है। परवर्ती विस्तृत विवरण के लिए कृपया इन वेबसाइट्स को देखें।

| क्र. सं. | निविदा आईडी | कार्य/सेवा का नाम | निविदा मूल्य (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2019_MCL_148101_1 | SPARES FOR LUCAS TVS MAKE GAC5R ALTERNATOR. | 147045.00 |
| 2 | 2019_MCL_148070_1 | EOT CREANE SPARES. | 255020.00 |
| 3 | 2019_MCL_148078_1 | Supply of Hose Kit for Water Sprinkler. | 62100.00 |
| 4 | 2019_MCL_148119_1 | Annual maintenance of water supply and sanitary work for residential and non-residential buildings of Basundhara Area | 3681400.00 |
| 5 | 2019_MCL_148141_1 | PROCUREMENT OF EPOXY BONDED GLASS FIBRE WEDGES AND SEPARATORS FOR CWS_X TALCHER. | 212584.00 |
| 6 | 2019_MCL_148159_1 | PROCUREMENT OF SPARE OF GEAR BOX | 2142447.00 |
| 7 | 2019_MCL_148195_1 | PROCUREMENT OF CABLE JOINTING KIT FOR ELECTRICAL EXCAVATOR | 174994.00 |
| 8 | 2019_MCL_148216_1 | Extension of drinking water pipe for making interconnetion with the distribution network of Bharatpur colony for improving water supply at CWS township Talcher | 481846.00 |
| 9 | 2019_MCL_148254_1 | Operation n Electrical maintenance of various installation n infrastructure in Kulda Project including PO office, excavation workshop, distribution substation, water supply system, all road weighbridges n 2X63KVA DG sets for 1yr(365 days)Basundhara area | 1604292.00 |
| 10 | 2019_MCL_148262_1 | Providing Cooking Services at Jagannath House under Jagannath Area for a period of 01(one) year. | 1045094.00 |
| 11 | 2019_MCL_148173_1 | Supply of Non Ferric Alum. | 450000.00 |
| 12 | 2019_MCL_148206_1 | PROCUREMENT OF OH FAULT DETECTOR AND MAINTENANCE SORENTS | 732190.00 |
| 13 | 2019_MCL_148226_1 | Supply of Miscellaneous items. | 87025.00 |
| 14 | 2019_MCL_148214_1 | Procurement of Wooden Table for storing SCBAs for MRS MCL Talcher Area. | 52200.00 |
| 15 | 2019_MCL_148261_ | Hiring of one no. AC running covered jeep (Bolero or equivalent) having seating capacity 6 plus 1 on 16 hours duty basis with deployment of two nos. of drivers, max run 3500 km/month, for 02 years (682 days) for Lakhanpur OCP, Lakhanpur Area, MCL | 1353770.00 |
| 16 | 2019_MCL_148267_1 | Hiring of one no. AC running covered jeep (Bolero or equivalent) having seating capacity 6 plus 1 on 12 hrs duty basis with deployment of one no. of driver having staggered rest max run 2500 km/month for 02 yrs (682 days) for GM Secretariat LKPA | 921382.00 |
| 17 | 2019_MCL_148270_1 | Hiring of one no. AC running covered jeep (Bolero or equivalent) having seating capacity 6 plus 1 on 12 hrs duty basis with deployment of one no. of driver having staggered rest max run 2500 km/month for 02 years (682 days) for Safety department LKPA | 921382.00 |
| 18 | 2019_MCL_148209_1 | PROCUREMENT OF DIFFERENT RATING OF STATOR COILS FOR AC AND HT MOTORS AT CWS_X TALCHER. | 3159121.00 |
| 19 | 2019_MCL_148215_1 | Repairing and renovation of drains inside Jambubahali workshop Complex Bharatpur OCP. | 315667.00 |
| 20 | 2019_MCL_147964_1 | Erection, dismantling and maintenance of 440V(LT) overhead power line for the period of one year at Hingula OCP. | 1653703.00 |
| 21 | 2019_MCL_148285_1 | Supply of spares for Red Dot make airconditioners fitted in BEML HEMM | 3227312.00 |
| 22 | 2019_MCL_148042_1 | PROCUREMENT OF HOSES FOR HEMM | 1014999.00 |
| 23 | 2019_MCL_148121_1 | PROCUREMENT OF SPARES FOR HT AND LT EQUIPMENT | 328948.00 |
| 24 | 2019_MCL_148298_1 | WMM Road from stock No.3 road to weigh bridge near sahar sahi of Bhubeneswari OCP under Jagannath Area. | 2847484.00 |
| 25 | 2019_MCL_148354_1 | PROCUREMENT OF SILVER BRAZING ROD, SOLDERING STICK AND SOLDERING PASTE FOR CWS_X TALCHER. | 292333.00 |
| 26 | 2019_MCL_148358_1 | Cycle shed at field canteen/time office-cum-rest shelter under Jagannath Colliery , Jagannath Area. | 1020258.00 |
| 27 | 2019_MCL_148361_1 | Strengthening of CHP Retaining Wall and renovation of shed adjacent CKT-B unloading Hopper of JNC under Jagannath Area. | 1996003.00 |
| 28 | 2019_MCL_148365_1 | PROCUREMENT OF HOSES FOR CAT 773D(60T) DUMPERS | 721334.00 |
| 29 | 2019_MCL_148378_1 | Supply of spares for Diesel Bowser at Lingaraj OCP (Exclusively for OEM/OPM/OES) | 373196.00 |
| 30 | 2019_MCL_147887_1 | Spraying of water over road from out check post to junction of NH-49 at LKP OCP of Lakhanpur Area. (1st Retender) | 4416560.00 |
| 31 | 2019_MCL_147921_1 | Supplying of water for two number surface miners in coal face in all the three shifts at LKP OCP of Lakhanpur Area. (3rd Retender) | 2997672.00 |
| 32 | 2019_MCL_148353_1 | Supply of Hoses for BE 1000 Hyd. Excavator. | 2070659.00 |
| 33 | 2019_MCL_148308_1 | Contractual Assistance for day to day Plumbing Work for period of 586 days of Anand Vihar Colony MCL HQ. | 1186441.00 |
| 34 | 2019_MCL_148431_1 | Supply of spares for BHR-42 VT pump at IWSS Lingaraj Area (Exclusively for OEM) | 1232425.00 |
| 35 | 2019_MCL_148335_1 | Contractual Assistance for day to day Plumbing and Carpentry Work of Jagruti Vihar Colony MCL HQ (For 290 Days) | 1607964.00 |
| 36 | 2019_MCL_148403_1 | PROCUREMENT OF SELF FUSING HT INSULATION TAPE AND HEAVY DUTY MINING TAPEP | 261960.00 |
| 37 | 2019_MCL_148422_1 | ROCUREMENT OF ANTILARVA CHEMICALS | 351000.00 |
| 38 | 2019_MCL_148479_ | Structure Measurement by measuring tape and other instruments, digging foundation as and when required, cleaning obstruction for any place of measurement including all helps of measuring personnel, structure measurement in the area falling in the vil | 762091.00 |
| 39 | 2019_MCL_148487_1 | Supply of GOAB switch at Lingaraj OCP | 413000.00 |
| 40 | 2019_MCL_148438_1 | Hiring of 02 no. Air Conditioned 7 seater (6 plus 1) Hard Top diesel jeep or equivalent Covered Vehicle, max 3000 Km run per month, 12 hrs duty for a period of two years (341 days per year) for SOCP, IB Valley Area. | 1887912.00 |
| 41 | 2019_MCL_148373_1 | SUPPLY OF ONLINE UPS FOR DIFFERENT ROAD AND RAIL WEIGHBRIDGES AT LKP OCP. | 172740.00 |
| 42 | 2019_MCL_148396_1 | PROCUREMENT OF WIRE HARNESS FOR AUTO DIPPING SYSTEM OF DUMPERS AND OTHER HEMMs AT LKP OCP OF MS BEML make | 81408.00 |
| 43 | 2019_MCL_148518_1 | Hiring of 02 (two) nos. of School Bus (52 plus 1 seater) for 12 hours duty for use at Ananta OCP, Jagannath Area for 500 days in 02 (two) years. | 4012000.00 |
| 44 | 2019_MCL_148520_1 | Supply of Tyre couplings for diesel engine pump at Kaniha OCP | 94764.00 |
| 45 | 2019_MCL_148526_1 | Supply of XLPE cables for Shanti Nagar at Lingaraj OCP | 287920.00 |
| 46 | 2019_MCL_148266_1 | PROCUREMENT OF CABIN FAN FOR HEMM | 112749.00 |
| 47 | 2019_MCL_148482_1 | Supply of spares of Lubrication system | 670674.00 |
| 48 | 2019_MCL_148555_1 | PROCUREMENT OF DIFFERENT SIZE OF NUTS AND BOLTS | 376420.00 |
| 49 | 2019_MCL_148574_1 | Supply of GYM EQUIPMENTS | 1430056.00 |
| 50 | 2019_MCL_148366_1 | Procurement of Spares for Anchorage Testing Machine for MCL Talcher Area | 34763.00 |
| 51 | 2019_MCL_148541_1 | Supply of Spares for WIRTGEN make Surface Miner. | 197940.00 |
| 52 | 2019_MCL_148587_1 | Hiring of one no. AC running covered jeep (Scorpio or equivalent) having seating capacity 6 plus 1 on 24 hrs duty basis with deployment of two nos. drivers(having staggered rest) max run 3500 km/month for 02 years (682 days) for LKPOCP Lakhanpur Area | 1760924.00 |
| 53 | 2019_MCL_148268_1 | Synthetic Acrylic coating, levelling and painting of Tennis court and other misc work surrounding Tennis court at Guest house for Bharatpur Area (Retender). | 4334123.00 |
| 54 | 2019_MCL_148415_1 | Providing and fixing structural steel made 06(six) rest shelters and 02(two) nos blasting shelter at Bhharatpur OCP (Retender). | 1075548.00 |
| 55 | 2019_MCL_148596_1 | Minor repair and maintenance of the community mandap of BOCP of BA. | 250366.00 |
| 56 | 2019_MCL_148607_1 | DGPS survey of forest land required for Kulda Expansion Phase-II 18.75 MTY | 2814418.00 |
| 57 | 2019_MCL_146157_1 | Procurement of Under Carriage Assembly for D355 Dozer (Part No. 130TF00244) | 29117680.00 |
| 58 | 2019_MCL_148647_1 | Supply of Hose assemblies for CAT-773D dumpers at Lingaraj OCP | 419256.00 |
| 59 | 2019_MCL_148595_1 | Cleaning of Overhead RCC/PVC tanks of residential and Service Buildings at Anand Vihar Colony MCL HQ. (for 02 years two times in a year) | 579642.00 |
| 60 | 2019_MCL_147940_1 | Supply of Brake lining for PnH 1900AL SHOVEL | 172444.00 |
| 61 | 2019_MCL_148540_1 | PROCUREMENT OF DIESEL ADDITIVES | 1132800.00 |
| 62 | 2019_MCL_148623_1 | PROCUREMENT OF SPARES FOR SCT-200-58/2 KIRLOSKAR PUMP | 1920641.00 |
| 63 | 2019_MCL_148675_1 | Underground cleaning of spillage coal of Trunk Belts at Hirakhand Bundia Mine, RSA, OA, MCL | 3117754.00 |
| 64 | 2019_MCL_148694_1 | Underground Recovery/Salvaging of Belt/Belt Structure from 90LN and 16DN/90LN District (Sec-B) and transportation of the same to 86L/2DN (Sec-A) at Hirakhand Bundia Mine, RSA, OA, MCL | 1380813.00 |
| 65 | 2019_MCL_148711_1 | Underground Recovery/Salvaging of Belt/Belt Structure from 62LN District (Sec-C1) and transportation of the same to 59L/MD (Sec-C1) at Hirakhand Bundia Mine, RSA, OA, MCL | 791091.00 |
| 66 | 2019_MCL_148713_1 | Operation of Gandhi Sagar pump for water supply at Balram OCP (for a period of 02 years). | 1159014.00 |
| 67 | 2019_MCL_148639_1 | Hiring of 01 No. Bolero Camper or Pick-Up Van or equivalent having seating capacity of 5 (4 plus 1) and loading capacity of minimum 01 ton on rear body for 24 hrs duty, max 4500 km run per month for a period of two years (341 days per year) for SOCP, | 1756088.00 |
| 68 | 2019_MCL_148677_1 | Assistance in rake dispatch, drain cleaning along railway siding no. 3,6 and 7 and guarding of 02 nos. level crossing at BOCM of Lakhanpur Area. (for 01 year) | 6637905.00 |
| 69 | 2019_MCL_148740_1 | Underground Transportation of Conveyor Belt and its structures from 15DS-9DS/57LS of 59LS Panel in Section-2 and laying the belt as an extension of Trunk Belt from 41L-44L/5MD in Section-1 of Lajkura Seam at Orient Colliery Mine No-3, OSA, OA, MCL | 709033.00 |
| 70 | 2019_MCL_148614_1 | Supply, Installation, Commissioning of 100 Te electronic Inmotion Road Weigh Bridges | 72010107.00 |
| 71 | 2019_MCL_148770_1 | Supply of Heavy Duty Wall mount Air Circulator for IWSS Lingaraj Area | 81420.00 |

एमसीएल ई-प्रापण सहायता केन्द्र (फोन नं.0663-2542695/2542264, ई-मेल : hlp-eproc.mcl@coalindia.in) R-4936

हमारे ऐप्स प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 200 3004 पर एक मिस्ड कॉल दें।


संपादक : सावित्री मिश्र